ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27,BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD,
KOLKATA-700019

FOR GOD AND COUNTRY

HINDI GRAMMAR(2nd term) **Class**:4 **Date:**30.11.20
Topic: अपठित गद्यांश **Worksheet-** 21

अभ्यास के बिना जीवन में सफलता नहीं मिलती | पहली बार प्रत्येक कार्य कुछ कठिन लगता है | यदि व्यक्ति उस कार्य को कठिन समझकर बैठ जाता है तो उसे कभी भी नहीं कर सकता |अमेरीका के राष्ट्रपति ने अभ्यास -क्रम नहीं छोड़ा और एक दिन राष्ट्रपति पद प्राप्त कर लिया | यदि हम अभ्यास करना छोड़ देंगे तो सफलता हमें छोड़ देगी | मुहम्मद गौरी ने पृथ्वीराज चौहान पर विजय पाने के लिए सात बार प्रयत्न किया और अंत में सफल हो गया | निरंतर अभ्यास एक ऐसी कुंजी है , जो मनुष्य के लिए सफलता के द्वार खोल देती है | अभ्यास से विद्या अमृत बन जाती है तो बिना अभ्यास के विद्या विष का रूप धारण कर लेती है | जो मनुष्य अभ्यास नहीं करता उसके पास विद्या अधिक समय तक नहीं टिकती है | बहुत बड़ा गणितज्ञ भी यदि अभ्यास छोड़ देगा तो गणित उसे छोड़ देगा | खिलाड़ी यदि खेल का अभ्यास नहीं करेगा तो कभी भी कीर्तिमान स्थापित नहीं कर पाएगा | अतः अभ्यास अवश्य करना चाहिए |

अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो :-

1) किसके बिना सफलता नहीं मिलती ?
2) प्रत्येक कार्य कठिन कब लगता है ?
3) सफलता साथ कब छोड़ देती है ?
4) मुहम्मद गौरी ने पृथ्वीराज चौहान पर विजय पाने के लिए कितनी बार प्रयत्न किया ?
5) निरंतर अभ्यास करना किसकी कुंजी है ?
6) अभ्यास से विद्या क्या बन जाती है ?
7) बिना अभ्यास के विद्या किसका रूप धारण कर लेती है ?
8) अभ्यास छोड़ने से गणितज्ञ की क्या स्थिति होती है ?
9) अमेरीका के राष्ट्रपति ने इतना ऊँचा पद कैसे प्राप्त किया ?
10) अनुच्छेद का शीर्षक बताओ |

खाली जगह भरो:-

11) अभ्यास के बिना _______________ नहीं मिलती |
12) अभ्यास से विद्या ___________ बन जाती है |

सही और गलत लिखो :-

13) खिलाड़ी अभ्यास करके ही जीतता है |(   )

14) प्रत्येक कार्य हर बार कठिन लगता है |(   )

15) ' निरंतर ' शब्द का अर्थ बताओ |

कोई दो व्यक्तिवाचक संज्ञा बताओ |

16)

17)

18)' कार्य ' शब्द का दो पर्यायवाची शब्द लिखो :-

वाक्य सही करके लिखो :-

19) अवश्य करना हमें चाहिए अभ्यास |

20) वाक्य बनाओ :- विजय

Poonam Mehra